AnkitGram
SEWADHAM ASHRAM
EST. 1989
DAILY HIGHLIGHTS
Tuesday, 1 April, 2025

36 वर्षों से, अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम मानवता की सेवा में निरंतर कार्यरत है व हम आपको दैनिक मुख्य गतिविधियों की जानकारी पहुँचाने का प्रयास करेंगे। कृपया हमें अपने सुझाव और मार्गदर्शन देकर सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

बेटी को पिता से मिली सेवा की प्रेरणा

सुश्री शुभ्रा पांडे, श्री अजय कुमार जी पांडे (लखनऊ) की सुपुत्री, जो वर्तमान में लंदन में अध्ययन कर रही हैं, ने अपनी पढ़ाई के दौरान अपनी व्यक्तिगत बचत से सेवाधाम के लिए योगदान भेजा। वे बचपन से ही अपने पिता के माध्यम से सेवाधाम आश्रम के बारे में जानती रही हैं और उन्हीं से प्रेरित होकर आश्रम के सेवा कार्यों से जुड़ीं। उन्होंने कहा – *"जो अद्भुत कार्य सुधीर भाई कर रहे हैं, वह कोई और नहीं कर सकता"*।

श्री अजय कुमार जी पांडे, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व संयुक्त सचिव एवं एन.वाई.पी. (नेशनल यूथ प्रोजेक्ट, डॉ. एस.एन. सुब्बाराव जी द्वारा स्थापित) के ट्रस्टी हैं। आप 1985 से **डॉ. सुब्बाराव जी** के साथ कार्यरत रहे हैं। आप पिछले दो दशकों से अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम से जुड़े हुए हैं। आप कहते हैं – *"जिस तरह से सुधीर भाई सेवा कर रहे हैं, वह अद्वितीय है"*।

दो अश्रमवासियों का निधन हुआ

दशा जी (73 वर्ष) – दशा जी कई वर्षों से बिस्तर्ग्रस्त थीं और पूरी तरह से देखभाल पर निर्भर थीं। आप इंदौर कलेक्टर महोदय की अनुशंसा से आश्रम पहुँची।
श्रवण कुमार (58 वर्ष, खातेगांव – देवास) – वे स्वप्रेरित होकर स्वयं सेवाधाम आए थे। प्रवेश के समय वे अत्यंत दुर्बल थे, बैठ नहीं सकते थे, ठीक से बोल नहीं पाते थे और डायबिटीज, लिवर की बीमारी और पैर में फ्रैक्चर से पीड़ित थे। कुछ वर्ष पूर्व उनके माता-पिता, पत्नी का निधन हो गया था। एक दुर्घटना के क्लेम के कारण उनका घर और ज़मीन बिक गई। उनके बेटे ने 2019 में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे वे पूरी तरह अकेले हो गए। इस अंधकारमय जीवन में उन्होंने आशा की किरण देखी और सेवाधाम का आश्रय लिया।
दोनों को सम्मानपूर्वक, प्रार्थना के साथ, अंतिम विदाई दी गई, और उनका अंतिम संस्कार नगर निगम के वाहन द्वारा उज्जैन ले जाकर संपन्न किया गया।
सुधीर भाई का मानना है कि जो लोग यहाँ आते हैं, उनका पूर्व जन्म का कोई न कोई संबंध होता है, इसलिए वे अंतिम यात्रा में कंधा देने से कभी पीछे नहीं हटते।

स्वयंसेवकों की आवश्यकता

आश्रम के विभिन्न कार्यों हेतु पूर्णकालीन, अंशकलीन और अपने स्थान पर रहकर सेवा में सहयोगी बनने हेतु स्वयमसेवकों की ज़रुरत है। सम्पर्क करें 9425092505

125 कन्याओं के सामूहिक विवाह में सेवा सहयोग

आश्रम द्वारा **जामनेर** (शाजापुर) में 14 अप्रैल को होने वाले, पंडित श्री राम शर्मा जी द्वारा **सर्वधर्म सनातनी हिंदू समाज** द्वारा आयोजित, 125 कन्याओं के निशुल्क विवाह सम्मेलन में 5.5 क्विंटल शक्कर का सहयोग किया गया।

मेहमान/आगंतुक

बोहरा समाज के **श्री यूसुफ लुकमानजी**, A-One Hospicare - इंदौर से, जो चिकित्सा उपकरण निर्माण के क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं, अपने मामा **श्री अब्बास अली** और प्रबंधक **श्री शब्बीर हुसैन** के साथ आश्रम पधारे और यहां आश्रमवासियों से मुलाक़ात की और भावविह्वल हो गए।

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत सेवा के साथ

नीमच के **श्री सुमनलाल दिलीप कुमार जैन** और अन्य दानदाताओं ने गौशाला और मानव सेवा के लिए योगदान दिया।

आज की सफलता की कहानी -
विक्षिप्त महिला का सुरक्षित प्रसव

गणेश चतुर्थी (7 सितंबर 2024) को जब रात्रि आरती हो रही थी, तब भाईजी के मन में विचार आया कि हर वर्ष भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है, लेकिन इस वर्ष सेवा नहीं मिली। रात्रि 8 बजे, **भैरवगढ़** पुलिस स्टेशन से एक वाहन आया, जिसमें एक मानसिक रूप से विक्षिप्त, यौन शोषण की शिकार, गर्भवती महिला थी, जो नागपुरा क्षेत्र में भटक रही थी। उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी, और उसके साथ-साथ उसके अजन्मे बच्चे का जीवन भी संकट में था। वह कभी-कभी आक्रामक भी हो जाती थी, जिससे उसकी देखभाल और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई थी। **कांता भाभी** और उनकी टीम ने उसे हर संभव प्रयास से सँभाला। 1 अप्रैल को अचानक उसे प्रसव पीड़ा हुई। भाईजी ने तुरंत एम्बुलेंस का प्रबंध किया और उसे उज्जैन भेजा, साथ ही उसकी सुरक्षित डिलीवरी और जीवन के लिए प्रार्थना की, जाने से पहले उन्होंने उसे मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। नर्सिंग स्टाफ ज्योति और अमृता दादी, साथ ही हमारे स्वयंसेवक आकाश उसे अस्पताल लेकर गए। कुछ समय बाद यह शुभ समाचार मिला कि उसने एक स्वस्थ कन्या को जन्म दिया। वह महिला सेवाधाम में एक बेसहारा के रूप में आई थी, लेकिन नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर वह मातृत्व का प्रतीक बन गई और उसकी बेटी को **'श्रीमाया'** नाम दिया गया।

प्रात: 10 बजे स्टाफ मीटिंग

आज नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में सेवाधाम के सभी सेवा सारथियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सेवा की गुणवत्ता में सुधार और दैनिक देखभाल से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।